प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय,

दिनांक–27.07.2023 (सं0–357)

कटिहार जिला में बिजली विभाग के कार्यालय पर घटित घटना का अद्यतन

- दिनांक 26.07.2023 को लगभग 12:30 बजे कटिहार जिला के बारसोई थानान्तर्गत बिजली विभाग के कार्यालय पर घटित घटना की अद्यतन स्थिति :–

- वर्तमान में वहाँ स्थिति बिल्कुल शान्तिपूर्ण तथा नियंत्रण में है।

- उग्र भीड़ में सम्मिलित 1 अन्य जख्मी सोनू साह, उम्र 26 वर्ष, पे0 मानिकचन्द साह, सा0 मौलानापुर, थाना बारसोई, जिला कटिहार की मृत्यु चिकित्सा के क्रम में के0एम0सी0एच0, कटिहार में हो गयी। इस प्रकार इस घटना में मृतकों की संख्या 02 हो गयी है। एक अन्य मृतक का नाम मो0 खुर्शीद, उम्र 30 वर्ष, पे0 नसिबुल हक, सा0 छतना, थाना कचना ओ0पी0 (बारसोई), जिला कटिहार है।

- दोनों मृतकों का अन्त्यपरीक्षण दण्डाधिकारी की उपस्थिति में कराया गया है तथा अन्त्यपरीक्षण की कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी करायी गयी है।

- मो0 खुर्शीद का अंतिम संस्कार हो चुका है।

- एक अन्य जख्मी मो0 नियाज, उम्र 30 वर्ष, पे0 नौशाद, सा0 पलनापोखर, थाना आबादपुर, जिला कटिहार चिकित्सारत हैं।

- घटना में उग्र भीड़ के हमले में 01 पुलिस उपाधीक्षक, 04 पुरुष पुलिस अवर निरीक्षक, 01 महिला अवर निरीक्षक, 03 सिपाही कुल 09 पुलिस पर्सनल तथा सहायक अभियंता सहित कुल 06 बिजली विभाग के कर्मी गम्भीर रूप से जख्मी हुये हैं। इसके अलावा भी दर्जनों पुलिसकर्मियों को भी हल्की चोटें आने की सूचना है।

- जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक, कटिहार को संयुक्त रूप से घटना का प्रक्रियानुसार विस्तृत संयुक्त प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया है।

- कटिहार जिला में यद्यपि स्थिति नियंत्रित है तथापि पूर्व सावधानी के दृष्टिकोण से 02 कम्पनी अतिरिक्त लाठी बल मुख्यालय स्तर से तथा 01 कम्पनी बल क्षेत्रीय स्तर से भी प्रतिनियुक्त किया गया है।

- आम जनता से अपील है कि किसी भी प्रकार के अफवाहों पर नहीं ध्यान दें, कानून को हाथ में नहीं लें तथा शान्ति बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

XXXXXX